**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**सकारण आदेश**

संवेदक Abhishek Kumar(Regd. No-1200404), S/O-Naval Kishor Singh, Add-Ward No-34, Near Gaytri Mandir, PO+PS-Sasaram, Dist-Rohtas, Pin-821115 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सासाराम–01 के अधीन एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत निविदा (टेन्डर आई0डी0–140486) में भाग लिया गया।

उक्त निविदा में संवेदक द्वारा कार्यपालक अभियंता, Sone High Level Canal Division, औरंगाबाद का पत्रांक 607 दिनांक 07.11.2023 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया।

उक्त अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन संबंधित कार्यालय से कराने के उपरांत कार्यपालक अभियंता, Sone High Level Canal Division, औरंगाबाद का पत्रांक 757 दिनांक 05.07.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि संवेदक द्वारा निविदा में संलग्न अनुभव प्रमाण पत्र (पत्रांक 607 दिनांक 07.11.2023 द्वारा निर्गत) उनके कार्यालय से निर्गत नहीं किया गया है और न ही संवेदक द्वारा उक्त कार्य कराया गया है।

तदालोक में गै0स0प्रे0सं0–266 अनु0 दिनांक 02.09.2025 के माध्यम से संवेदक Abhishek Kumar द्वारा निविदा में फर्जी कागजात समर्पित करने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया है।

संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु किये गये अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 9867 दिनांक 15.09.2025 एवं पत्रांक 11504 दिनांक 13.11.2025 द्वारा निबंधित डाक एवं ईमेल के माध्यम से कारणपृच्छा की गई। उक्त कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा अबतक स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जिससे स्पष्ट है कि संवेदक को अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक Abhishek Kumar(Regd. No-1200404, PAN-MYPPS6008B) द्वारा कार्य प्रमंडल, सासाराम–01 के अधीन एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत निविदा (टेन्डर आई0डी0–140486) में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने संबंधी आरोपों को प्रमाणित मानते हुए कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) की उपकंडिका (ix) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक को 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

03.12.2025
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–282/2025 12234 /पटना, दिनांकः–07/12/25

निबंधित

प्रतिलिपिः– Abhishek Kumar(Regd. No-1200404), S/O-Naval Kishor Singh, Add- Ward No-34, Near Gaytri Mandir, PO+PS-Sasaram, Dist-Rohtas, Pin-821115 को सूचनार्थ प्रेषित।

03.12.2025
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—14 / अ0प्र0—14—282 / 2025 12234 / पटना, दिनांकः— 04/12/25

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.12.2025

अभियंता प्रमुख 04/12/25

ज्ञापांकः— 14 / अ0प्र0—14—282 / 2025 12234 / पटना, दिनांकः—

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.12.2025

अभियंता प्रमुख 04/12/25

ज्ञापांकः— 14 / अ0प्र0—14—282 / 2025 12234 / पटना, दिनांकः—

प्रतिलिपिः—आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.12.2025

अभियंता प्रमुख